आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 17.03.2026 समय : 02.10 pm

लोकसभा - किसान

सरकार ने पारदर्शिता, जवाबदेही और किसानों को समय पर दावों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में संशोधन किया है। आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पहले किसानों को भुगतान प्राप्त करने के लिए कई महीनों तक इंतजार करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि यदि बीमा कंपनियां 21 दिनों के भीतर दावों का निपटान करने में विफल रहती हैं, तो उन्हें कृषि संबंधी दावों पर 12 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करना होगा।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा 5 अरब भोजन परोसने के ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित इस समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों का सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने PM POSHAN योजना की सराहना करते हुए कहा कि पौष्टिक भोजन स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति और ठहराव बढ़ाने में निवेश की तरह है। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी उपस्थित रहे।

दीक्षांत समारोह

उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आज 30वां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह के दौरान अतिथियों ने विश्वविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। कुल 103 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, 74 को पीएचडी और एक विद्यार्थी को प्रतिष्ठित डी-लिट की उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं द्वारा रचित एवं प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन भी किया।

गीता भवन

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में आज उज्जैन में 77 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले भव्य ' गीता भवन ' का भूमिपूजन हुआ। इसके साथ ही, आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को गति देते हुए 662 करोड़ रुपये से अधिक के निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गयी ।

कार्यशाला

भोपाल में आज केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण यानी 'कारा' द्वारा एक महत्वपूर्ण मध्य क्षेत्रीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री नर्मला भूरिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के गैर-संस्थागत पुनर्वास और दत्तक-ग्रहण को बढ़ावा देना है। इस कार्यशाला में मध्यप्रदेश समेत उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड के 170 से अधिक जिलों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों को संस्थागत केंद्रों के बजाय परिवारों के बीच स्नेह और सुरक्षा दिलाने की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस अवसर पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सफल दत्तक-ग्रहण पर आधारित एक लघु फिल्म भी लॉन्च की जाएगी।

गुजरात-नंदा देवी

भारतीय पोत नंदा देवी लगभग 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। यह पोत कतर से रवाना हुआ था और होर्मुज जल-डमरू-मध्य होते हुए भारत पहुंचा। हमारे संवाददाता ने बताया कि बंदरगाह पर एलपीजी उतारने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कल एक और एलपीजी वाहक पोत मुंद्रा बंदरगाह पहुंचा था। दोनों खेपों से देश के गैस भंडार में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि गैस आपूर्ति में फिलहाल कोई कमी नहीं है।

कुछ समाचार संक्षेप में :-

- भोपाल मे तीन दिवसीय ‘नागरिक सुरक्षा समागम–2026’ का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। **कल** इस **कार्यक्रम के समापन** में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल होंगे।
- कटनी में पेयजल समस्या के निराकरण के उद्देश्य से स्थापित जिला कंट्रोल रूम सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे सभी कार्य दिवसों में संचालित रहेगा ।
- नर्मदापुरम के जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में कल पर्यावरण नियोजन और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के संबंध में संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।
- शिवपुरी जिले में कल केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने श्रीमंत माधवराव सिंधिया सेवा स्वास्थ्य मिशन और रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर शुभारंभ किया।
- आगरमालवा स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में कल उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला का आयोेजन किया गया।